मूल्य 1 रु.
वर्षः 13 - अंक : 307, मुंबई, गुरुवार, 1 फरवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर






पिछले दिनों 41 घंटे से थे लापता

# घोटालेबाज की गिरफ्तारी

## ईडी की गिरफ्त में हेमंत सोरेन

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**झारखंड।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने किया गिरफ्तार। पिछले दिनों 41 घंटे से थे लापता। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से 9 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद ईडी द्वारा आज रात 9:00 बजे गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके ऊपर सेना की जमीन को गलत तरीके से बेचने और घोटाले का आरोप है। पिछले दिनों ईडी ने उनके दिल्ली स्थित आवास पर छापामारी करके 36 लख रुपए बरामद किए थे।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### गिरफ्तार होने के बाद अब क्या होगा?


सरकार बचाने के लिए सभी विधायक राज्यपाल से मिलने के लिए राज्य भवन जा रहे हैं। राजभवन में विधायकों की लिस्ट सौंप दी जाएगी और सरकार बनाने का प्रस्ताव फिर से रखा जाएगा। बन्ना गुप्ता ने इस बात की पुष्टि की है। हालाँकि जेएमएम के सभी विधायकों ने आरोप लगाया है की राज्यपाल उनकी बात नहीं सुन रहे हैं।

### क्यों गिरफ्तार हुए हेमंत सोरेन?

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऊपर भारतीय सेना के जमीन को बेचने और उन पर घोटाले के आरोप है। इसके अलावा उनके ऊपर खनन, बालू और कोयला घोटाले का आरोप है। अगस्त से ही लगातार उनको ईडी का समन भेजा जा रहा था। दसवें समन में वह हाजिर होते हैं और वहीं उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है।

### चम्पई सोरेन बनेंगे झारखंड के अगले सीएम

सूत्रों से पता चला है कि चंपई सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया है। इसका मतलब यह है कि चंपई सोरेन झारखंड के अगले मुख्यमंत्री बन सकते हैं। 67 साल के चम्पई सोरेन झारखंड सरकार में परिवहन मंत्री थे। वे झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष हैं। चम्पई सोरेन सीबू सोरेन के सबसे करीबी माने जाते है।



# ताइवान से उड़कर मुंबई आया कबूतर, पुलिस ने 'चीनी जासूस' समझकर पकड़ा

## 8 महीने बाद किया रिहा



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने पिछले साल पकड़े गए संदिग्ध कबूतर को रिहा कर दिया है। पुलिस को संदेह था कि कबूतर को जासूसी की ट्रेनिंग दी गई है और उसका इस्तेमाल चीनी जासूसी के लिए कर रहे है। हालांकि, जांच में यह बात साबित नहीं हुई और कबूतर को आठ महीने बाद छोड़ दिया गया। मुंबई पुलिस के अधिकारी ने बताया कि आरसीएफ (राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टलाइजर) पुलिस ने कबूतर को पिछले साल मई में चेंबूर इलाके से पकड़ा था। तब से कबूतर को पशु चिकित्सालय में रखा गया था।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# मुनव्वर फारुकी के फैन के खिलाफ एफआईआर

## मुंबई पुलिस ने डोंगरी इलाके में बिना परमिशन के ड्रोन उड़ाने के वजह से लिया एक्शन



शहर में ड्रोन उड़ाने के लिए पहले अनुमति लेना अनिवार्य है। हाल ही में मुंबई पुलिस ने लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ड्रोन कैमरों सहित उड़ने वाली वस्तुओं पर बैन लगाया था

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** बिग बॉस-17 की जीत के जश्न के दौरान अवैध ड्रोन के इस्तेमाल के लिए मुनव्वर फारुकी के प्रशंसक के खिलाफ मुंबई पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। अधिकारियों ने बताया कि बिग बॉस-17 की जीत के जश्न के दौरान डोंगरी इलाके में बिना परमिशन के ड्रोन उड़ाने के लिए मुनव्वर फारुकी के प्रशंसक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, शहर के डोंगरी इलाके में मुनव्वर फारुकी के बिग बॉस-17 की जीत के जश्न की रिकॉर्डिंग कर रहे ड्रोन कैमरा ऑपरेटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर की जीत का जश्न मनाने के लिए डोंगरी में भारी भीड़ जमा हुई थी।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### भ्रष्टाचार एजेंडे पर नहीं



**ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल की जो कसौटियां आज हैं, वही दस साल पहले भी थीं। प्रश्न है कि अगर इन कसौटियों पर तैयार भ्रष्टाचार सूचकांक से उभरी सूरत को लेकर तत्कालीन सरकार की जैसी भ्रष्ट छवि बनी थी, तो आज वैसा ही क्यों नहीं हो रहा है?**

भारत भ्रष्टाचार अवधारणा के सूचकांक पर भारत एक साल में आठ अंक गिर गया। लेकिन यह खबर मीडिया की सुर्खियों में उस तरह से नहीं आई है, जैसा दस साल पहले होता था। तत्कालीन यूपीए सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार का नैरेटिव बनाने में अंतरराष्ट्रीय संस्था ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल (टीआई) की रिपोर्टों ने बड़ी भूमिका निभाई थी। लेकिन अब जबकि अंतरराष्ट्रीय सूचकांक में गिर कर भारत फिर लगभग दस साल पहले जितने ही स्थान पर पहुंच गया है, तब इसको लेकर शायद ही कोई शोरगुल है। गौरतलब है कि 2012 में भारत टीआई सूचकांक में 94वें नंबर पर था। ताजा जारी 2023 के सूचकांक में वह 93वें स्थान पर है। यानी भारत को आज लगभग उतना ही भ्रष्ट देश समझा जा रहा है, जितना 12 साल पहले समझा गया था। टीआई के सूचकांक में कई खामियां हैं। इनमें सबसे बड़ी खामी यह है कि इसे सिर्फ पब्लिक सेक्टर में मौजूद भ्रष्टाचार से बनी अवधारणा के आधार पर तैयार किया जाता है। जबकि अर्थव्यवस्था के अधिक से अधिक निजीकरण होने के साथ निजी क्षेत्र में होने वाला भ्रष्टाचार सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाला बड़ा पहलू बनता चला गया है। फिर नीतिगत मामलों में चुनावी चंदे और मोनोपॉली घरानों के सरकारों पर बढ़ते नियंत्रण का पहलू भी अहम हो गया है। इन व्यवस्थागत पहलुओं का आकलन टीआई की रिपोर्टों में प्रतिबिंबित नहीं होता है। बहरहाल, टीआई की जो कसौटियां आज हैं, वही दस साल पहले भी थीं। प्रश्न है कि अगर इन कसौटियों पर तत्कालीन सरकार की भ्रष्ट छवि बनी थी, तो आज वैसा ही क्यों नहीं हो रहा है? संभवतः इसका एक कारण राजनीतिक कथानक तैयार करने के माध्यमों पर सत्ता पक्ष का कसता गया शिकंजा है। साथ ही सिविल सोसायटी के संगठन या तो अपने राजनीतिक रुझानों की वजह से चुप हो गए हैं, या फिर वे इतने भयभीत हैं कि वे उन्हीं मुद्दों पर अब नहीं बोलते, जिनको लेकर एक समय वे अतिशय वाचाल होते थे। जबकि इस दौरान देश में पारदर्शिता और धुंधली हुई है। इसके बावजूद इस पर समाज आंदोलित नहीं है, तो यह भारतीय समाज पर एक प्रतिकूल टिप्पणी है।

# 4 फरवरी 2024 को जबलपुर मोमिनपुरा तलैया रात 9:00 से इस्लाहे उम्मत पर कुल हिंद मुशायरा

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**जबलपुर।** आल इंडिया अदबी मुशायरा -बा उनवान (विषय) इत्तेहाद ए उम्मत (समुदाय की एकता) इंतेशार ए उम्मत (समुदाय का बिखराव) इस्लाह ए उम्मत (समुदाय का सुधार), 4 फरवरी बाद नमाज ईशा 9 बजे से मोमिनपुरा तलैया गोहलपुर जबलपुर मे मुल्क के मशहूर व मारूफ शोउरा हजरात कि शिरकत होगी मुशायरा कि सदारत मुल्क के मशहूर व मारूफ शायर जनाब इंतिजार नईम साहब दिल्ली करेंगे। मुशायरा कि निजामत (संचालन) आली जनाब शायर ए जबलपुर मुख्तार नादिर जबलपुरी करेंगे।आप सभी हजरात से गुजारिश है कि वक़्त पर शिरकत फरमा कर मुशायरा को कामयाब बनाए। प्रोग्राम संयोजक अध्यक्ष जनाब गुलाम रसूल अंसारी साहब,नाज़िम ए शहर जमात ए इस्लामी हिन्द जबलपुर,आयोजक अध्यक्ष जनाब जमील अहमद अंसारी साहब




व आयोजक टीम,मिन जानिब -तंजीम इदारा ए अदब ए इस्लामी हिन्द जबलपुर रहेगे। मुशायरा (कवि सम्मेलन)में शिरकत फरमाने वाले शायर जनाब असलम गाजी साहब मुंबई सगीर अहमद फारोग साहब सलीम अहमद अंसारी सलीम साहब मोहम्मद तारिक निजामी, मौलवी रियाज आलम मोहम्मदी, अब्दुल खालिक दानिश, ईदू शाह रहबर, अकील अहमद अकील, शिवनाथ चौधरी आलम, आरिफ हसन सिद्दीकी कोलकाता, मकबूल जफर अमजद जबलपुरी, गुलाम मुस्तफा अदना, मोहम्मद इजहार रजा, मन्नान फराज, निसार अहमद निसार, गयासुद्दीन ग्यास, मोहम्मद असलम माजिद, मुख्तार अहमद मुख्तार, शेख निजामी, रियाज अहमद, मजाज अंसारी, बाबू अनवर निजामी साहब शिरकत कर कलाम पेश करेंगे यह जानकारी पत्रकार साजिद खान धनपुरी और सैयद जियाउल इस्लाम फलाही शहडोल ने जबलपुर से दी।

# राजनीति में सिर्फ कुर्सी जरूरी जनता नहीं– मंजूर आलम जन सुराज सेवक

**मुंबई हलचल/मो सालिम आजाद**

**मधुबनी।** जन सुराज सेवक मधुबनी सह बिस्फी विधानसभा सेवक मंजूर आलम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अभी जो बिहार में राजनीतिक घटनाक्रम चल रही है उसके बारे में बिहार की धरती पर एक रैली को संबोधित करते हुए बीजेपी के कद्दावर नेता सह भारत के गृह मंत्री श्री अमित शाह जी और श्री सुशील मोदी जी ने लोगों से चींख चींख कर कहा था बिहार वासियों नीतीश जी के लिए भाजपा के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो चुका है। वहीं बीजेपी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष श्री सम्राट चौधरी ने कहा था मेरे सर पर जो पगड़ी है मैं यह कसम खाकर पहना हूँ के जब तक नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से हटा नहीं दूंगा तब तक पगड़ी नहीं हसाऊंगा।

दूसरी तरफ खुद नीतीश जी ने 30 जनवरी-2023 को गांधी घाट पर राष्ट्रीयपिता महात्मा गॉधी जी को श्रद्धांजलि देने वक्त कहा था अब मरना कबूल है लेकिन बीजेपी के साथ जाना कभी कबूल नहीं। लेकिन बीजेपी और जदयू राजन ने जनता से किये गए वादे को दरकिनार कर पलटी मार दिया, इसे हम राजनीति में कुर्सी जरूरी है जनता नहीं तो और क्या कह सकते हैं। यह नीतीश जी के राजनीतिक जीवन की नवीं पलटी है- मार्च-2000,नवंबर-2005, नवंबर-2010,जुलाई-2017एवं नवंबर-2020 में



बीजेपी के साथ सरकार बनाई वहीं फरवरी-2015, नवंबर-2015 और अगस्त-2022 में राजद के साथ सरकार बनाई। इस पलटी की घटनाक्रम को देखते हुए किसी ने क्या खूब कहा है- आत्महत्या कर ली गिरगिट ने और सुसाइड नोट में लिखा पलटू से ज्यादा में रंग नहीं बदल सकता। इस प्रकार हम बिहार की जनता श्री नीतीश कुमार जी को पलटू कुमार के साथ कुर्सी कुमार भी कहें तो कोई अनुचित नहीं होगा। या फिर आपसे प्रशन्न किया जाय के धरती पर सबसे ज्यादा पलटी मारने वाले मुख्यमंत्री कौन है? तो आप तुरंत ही जवाब देंगे श्री नीतीश कुमार।

वहीं हमारे आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी कहते हैं श्री नीतीश कुमार जी पलटू राम ,कुर्सी कुमार या पलटू राम का सरदार है या नहीं यह बात तो बिहार की जनता पहले से ही जान रही है। लेकिन मैं आपसे वादा करता हूँ अगले विधानसभा चुनाव में यह बीजेपी एवं जेडीयू का गठबंधन नहीं रहेगा। इस पलटू घटनाक्रम से तो यह स्पष्ट हो जाता है कि बिहार में जितने भी नेता है सभी पलटू राम हैं। बीजेपी वाले कहते हैं कि बिहार में जंगल राज है, जबकि नीतीश जी के साथ बीजेपी ने गठबंधन कर 15 वर्षों तक बिहार में शासन किया है। वहीं उन्होंने आगे कहा कि भले लोकसभा चुनाव में बीजेपी को नुकसान हो न हो लेकिन अगर नीतीश कुमार जी के साथ विधानसभा चुनाव लड़ा तो बीजेपी को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आदरणीय मोदी जी 10 वर्षों से प्रधानमंत्री है 10 वर्षों में मोदी जी ने बिहार के विकास के लिए आप के बच्चों के भविष्य के लिए एक भी बैठक बिहार में किया हो तो वह समाचार हमें दिखा दिजिए मैं कल से ही मोदी जी (बीजेपी) का झंडा उठा लूंगा। जिस नेता 10 वर्षों में बिहार के विकास और आपके बच्चों के विकास के लिए एक भी बैठक नहीं किया अगले छः महिने में होने वाले चुनाव में बिहार की जनता उछल उछल कर कमल का बटन दबायेंगे तो आप के हमारे बच्चे गुजरात में मजदूर नहीं बनेंगे तो बिहार में फैक्ट्री के मालिक बनेंगे। बिहार में आपके साथ जन सुराज मजबूती से खड़ा है और हमेशा खड़ा रहेगा। बस आप का स्नेह और आशीर्वाद मिला तो बिहार एक बार फिर खोई हुई गौरव को पुनः स्थापित करेगा।



# जलगाँव में 9 मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत : एसपी सैय्यद

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**जलगाँव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व महाराष्ट्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में आगामी शनिवार 9 मार्च को जलगाँव जिला कोर्ट के न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एस.पी.सैय्यद के अनुसार परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह,व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने वकील के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते है। लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले,मोटर एक्सीडेंट,फौजदारी,रेवेन्यू,वैवाहिक परिवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय,कहीं कोई अपील नही,अंतिम रूप से निपटारा समय की बचत जैसे लाभ मिलते है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# दिखता नहीं अवैध निर्माण स्पष्ट, मनपा के अधिकारी हुए भ्रष्ट?





**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंब्रा /ठाणे।** जिला प्रशासन के शहरी क्षेत्र के मुंब्रा प्रखंड एवं महानगरपालिका के अंतर्गत आने वाला यह शहर अवैध भवन निर्माण के लिये प्रख्यात हो चुका है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से निर्मित तथा निर्माणाधीन इमारत स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं। किन्तु यही सब कुछ महानगरपालिका के अधिकारियों एवं उसके जासूस को दिखाई नहीं देता है? यह सब कितने आश्चर्य की बात है? इस खबर में ऐसे ही एक भवन को देखा जा सकता है कि मशहूर वैध दोस्ती टावर की आड़ लेकर एक भव्य अवैध भवन का निर्माण किया गया है ताकि लोगों को ऐसा लगे कि यह इमारत भी वैध ही है। इस अवैध भवन का निर्माता मकबूल बिल्डर बताया जा रहा है।

# जन विकास फाउंडेशन द्वारा गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** शुक्रवार दिनांक 26/1/2024 को जन विकास फाउंडेशन द्वारा गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम मुंबई के अंधेरी (पूर्व) स्थित शेरे-पंजब में पूरे हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व पोलीस अधिकारी (रेपिड एक्शन फोर्स) आदरणीय श्री गनपत अनंत कुंदर द्वारा ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर समाजसेवी गोविंद पांडे, मार्ग रेड्डी व संजीवनी होस्पिटल के डाक्टर्स भी ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात श्री गनपत अनंत कुंदर जी का सत्कार जन विकास फाउंडेशन के संस्थापक व अध्यक्ष




राजीव वर्मा द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर जन विकास फाउंडेशन के संस्थापक व सचिव विनय यादव, कोषाध्यक्ष राजेश कुंजुमुंन, सदस्य सुर्यकांत शिंदे, प्रमेश गुप्ता, मोहन बोहरा, जिल्हा अध्यक्ष दिपक सोनी,सुबिन बेबी व स्थानिक सदस्य ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में पटौदी टीम प्रथम

## खेलों के साथ–साथ महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है : विधायक

**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**

**पटौदी।** क्षेत्र के वेस्ट अकैडमी स्कूल में छटी महिला फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जानकारी के मुताबिक उक्त प्रतियोगिता में राज्य से 8 टीमों ने भाग लिया जिसमें कई टीमों के बीच रोचक मुकाबला देखने को भी मिला। चौहान क्लब पटौदी को मात देकर फुटबॉल क्लब पटौदी की महिला टीम ने 2-0 से बाजी मारकर प्रथम स्थान हासिल किया।



आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने किया। उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। जरावता ने कहा की महिलाएं खेलों के साथ-साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। हरियाणा सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। इस मौके पर डॉ. नरेंद्र यादव, डॉ. सफीक चौहान, डॉ. विकास यादव, जगदीश, हंसराज सपडा,विजेंद्र यादव, डॉ. राम प्रकाश राय व संजय यादव भी मौजूद थे।

# सिमी संगठन पर पाबंदी-बढ़ी पांच वर्षों की अवधि

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने बीते दिनों सोमवार को सिमी अर्थात स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया पर पहले से लगी हुई पाबन्दी को और पांच सालों के लिए बढ़ा दिया है और ऐसा यू. ए. पी. ए कानून के अनुसार किया गया है। इस संबंध में सरकार का कहना है कि सिमी से जुड़े हुए लोग इस्लामिक स्टेट तथा पोपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के लिए काम करते हुए पाए गए हैं। ज्ञात हो कि उपरोक्त दोनों संगठन भी भारत में प्रतिबंधित हैं। सरकार और जांच एजेंसी का कहना है कि यह संगठन देश के युवकों को देश के विरुद्ध भड़काता रहता है जिससे देश की आर्थिक एवं आन्तरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

### घोटालेबाज की गिरफ्तारी

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से 9 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद ईडी द्वारा आज शाम 7:30 बजे गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके ऊपर सेना की जमीन को गलत तरीके से बचने का आरोप है। पिछले दिनों ईडी ने उनके दिल्ली स्थित आवास पर छापामारी करके 36 लख रुपए बरामद किए थे। कयास लगाए जा रहे हैं कि हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी कल्पना सोरेन झारखंड की मुख्यमंत्री पद पद की शपथ ले सकती है। ईडी ने उन्हें लगातार एक के बाद एक कई समन भेजे फिर आज उन्होंने सीएम हाउस में जाकर उनसे पूछताछ की और आखिर में उन्हें गिरफ्तार किया। लोग यहां तक बोल रहे हैं कि अब झारखंड की राजनीति की दशा बदलने वाली है। अपना इस्तीफा देने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजभवन पहुंचने के बाद अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया है। राज्यपाल ने हेमंत सोरेन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

### मुनव्वर फारुकी के फैन के खिलाफ एफआईआर

इस दौरान बिग बॉस 17 विनर मुनव्वर ने अपनी कार की सनरूफ पर खड़े होकर प्रशंसकों का अभिवादन किया। बताया जा रहा है कि मुनव्वर फारुकी के प्रशंसक अरबाज यूसुफ खान (26) के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। बिग बॉस की ट्रॉफी लेकर आए मुनव्वर के जश्न में ड्रोन उड़ता देख पुलिसकर्मी ड्रोन ऑपरेटर के पास गए। पीएसआई तौसीफ मुल्ला के साथ गश्त पर गए कांस्टेबल नितिन शिंदे ने जब ड्रोन देखा तो वह ड्रोन ऑपरेटर के पास गए। तब पता चला कि ड्रोन का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं ली गई थी। इसेक बाद पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया और ड्रोन कैमरे को जब्त कर लिया गया। खान के खिलाफ ड्रोन के उपयोग के संबंध में मुंबई पुलिस कमिश्नर के आदेशों का उल्लंघन करने के लिए मामला दर्ज किया गया है। शहर में ड्रोन उड़ाने के लिए पहले अनुमति लेना अनिवार्य है। हाल ही में मुंबई पुलिस ने लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ड्रोन कैमरों सहित उड़ने वाली वस्तुओं पर बैन लगाया था। हालांकि पुलिस उपायुक्त द्वारा लिखित अनुमति दिए जाने के बाद ड्रोन उड़ाया जा सकता है। कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी ने 28 जनवरी को रियलिटी शो बिग बॉस 17 जीता। इसके बाद मुनव्वर जब मुंबई के डोंगरी पहुंचे तो उनके हजारों प्रशंसकों ने उनका भव्य स्वागत किया। एक वीडियो में वह हजारों प्रशंसकों के बीच सनरूफ कार पर खड़े नजर आ रहे हैं। उनकी कार के चारों ओर भारी भीड़ है। उन्होंने अपनी बिग बॉस ट्रॉफी की झलक दिखाई और उसे उठाते नजर आए।

### ताइवान से उड़कर मुंबई आया कबूतर...

आरसीएफ पुलिस थाने के अधिकारी के मुताबिक परेल इलाके में स्थित बाई सकरबाई दिनशॉ पेटिट पशु अस्पताल ने सोमवार को पक्षी को छोड़ने की अनुमति मांगी थी। पुलिस से इजाजत मिलने के बाद मंगलवार को कबूतर को छोड़ दिया गया। जब कबूतर पकड़ा गया था तो उसके पैर में दो छल्ले बंधे थे। एक छल्ला तांबे का और दूसरा एल्यूमीनियम का था। उसके दोनों पंखों के नीचे चीनी जैसी लिपि में कुछ लिखा हुआ था। इसलिए, पुलिस ने कबूतर को जासूसी के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला पक्षी समझा। आरसीएफ पुलिस ने तब मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस की छानबीन में पता चला कि संदिग्ध कबूतर ताइवान में ह्यरेसिंगह्न में भाग लेता था और ऐसे ही एक कार्यक्रम के दौरान वह उड़ गया और भारत आ गया। इसके बाद पुलिस ने जासूसी का आरोप हटा लिया। अधिकारी ने कहा कि पुलिस से मंजूरी मिलने के बाद अस्पताल ने कबूतर को 30 जनवरी को छोड़ दिया।



माननीया रश्मि जी शुक्ला को बधाई जिन्होंने महाराष्ट्र की पहली महिला पुलिस महानिदेशक के रूप में इतिहास रचा। वह महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की बोर्ड सदस्य भी हैं और मैं उन्हें एमएससीडब्ल्यू कार्यालय में आमंत्रित करने का स्वागत करता हूं।

# स्ट्रीट कनेक्ट में अड़ोस-पड़ोस पहल की हुई भूरि भूरि प्रशंसा

## मेरे सपनों के भारत देश जैसा रहा 'अड़ोस-पड़ोस' का अनूठा आयोजन- शशि दीप



**मुंबई हलचल/सैयदरिजवान अली**

**मुंबई।** विगत दिनों मुंबई के प्रतिष्ठित कांदिवली इलाके में परंपरागत भव्य स्ट्रीट उत्सव सम्पन्न हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य इस इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के जमाने में सभी आस पास के लोगों को एक दूसरे से मुखातिब कराना है। इसी के तहत इस वर्ष मुंबई की एक प्रतिष्ठित गैर सरकारी संगठन सोच सयानी जो की सामाजिक, नागरिक और पर्यावरणीय क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तनों के प्रति सजग है, ने एक नयी व बेहद सराहनीय पहल को स्ट्रीट कनेक्ट के अंतर्गत समाहित किया जिसका नाम था 'अड़ोस-पड़ोस' जो कि सभी हाउसिंग सोसाइटियों को एक दूसरे से जोड़ना और उनके अनुकरणीय विशेषताओं से प्रेरणा लेना। जिसमें इस एरिया के करीब 120 काम्प्लेक्स में से सिर्फ 5 ने हिस्सा लिया। हिस्सा लेने वाले काम्प्लेक्स EMP1, EMP V, OPV, वाईसरॉय कोर्ट, और रहेजा सेरेनीटी रहे जिसमें से वाईसरॉय कोर्ट की टीम की सूत्रधार प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स की राष्ट्रीय संगठन महासचिव, जानी मानी सामाजिक कार्यकर्ता, द्विभाषी लेखिका शशि दीप थी और पूरी टीम में काम्प्लेक्स की रफत अमीन, अंजलि पाटिल, शीफा, आरती चव्हाण, रमीला पटेल व मिनी शर्मा ने मुख्य भूमिका निभायी और सोसाइटी का गर्व से प्रतिनिधित्व किया। वाईसरॉय कोर्ट को विविध राष्ट्रीय संदेशों के अनूठे प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया और काम्प्लेक्स में स्थापित आपसी प्रेम, एकता, भाईचारा, सर्वधर्म समभाव, समानता की भावना, महिला शक्ति, महिला सशक्तिकरण के लिए अत्यंत सराहा गया। टीम की अगुवाई कर रही विचारक शशि दीप की अहम भूमिका व सभी महिला शक्ति के आपसी सामंजस्य व कर्मठता की भूरि-भूरि प्रशंसा हुई। स्ट्रीट कनेक्ट में अड़ोस-पड़ोस के सूत्रधार सोच-सयानी के आधार स्तम्भ, पर्यावरणविद समाज सेवी हर्षा ओडिपी जी थे जिसे सम्भव कराने में मूमल चौहान, अनुपमा पाधी, आशी, वीना जी व रूशाली ने पूर्ण सहयोग दिया। वहीं इस बहुचर्चित मुंबई स्ट्रीट फेस्टिवल, स्ट्रीट कनेक्ट का आयोजन रीमा, शाहीन, पूर्णिमा, लता, सुधा, प्रीति, बबीता व संघमित्रा दत्ता जैसे कर्मठ, निस्वार्थ व जीवंत नारी शक्ति द्वारा एक दशक से ज्यादा वर्षों से निरंतर किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### चीनी जासूसी कबूतर 8 महीने बाद रिहा



**मुंबई।** चीन के द्वारा जासूसी के लिए भेजे गए संदिग्ध कबूतर को 8 महीने पहले पकड़ा गया था। कबूतर को मुंबई के एक पशु चिकित्सालय में रखा गया था। उस कबूतर को आजाद कर दिया गया है। कबूतर को पिछले साल मई में आरसीएफ पुलिस ने उपनगरीय चेंबूर के पीर पाउ जेट्टी में पकड़ा था। कबूतर के पंजे में दो छल्ले बंधे थे। उसके दोनों पंखों के नीचे चीनी भाषा जैसी लिपि में मैसेज लिखे थे। जांच पूरी होने के बाद जासूसी का आरोप हटा दिया गया।

### भारत समर्थक अभियोजक जनरल पर जानलेवा हमला



**माले।** भारत और मालदीव के बीच राजनयिक तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मालदीव की संसद में विपक्षी दलों के सांसदों के साथ राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की कैबिनेट की मारपीट के वीडियो ने खूब सुर्खियों बटोरी थीं। वहीं अब मालदीव में भारत समर्थक अभियोजक जनरल हुसैन शमीम के ऊपर कुछ अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से वार किया है। शमीम की नियुक्ति भारत की पक्षधर (एमडीपी) ने की थी। एमडीपी की पिछले साल तक मालदीव में सरकार थी।

## चीनी सैनिकों और चरवाहों के बीच बहस का सामने आया वीडियो

# हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन लद्दाख एलएसी पर चरवाहों को रोका

लद्दाख में एलएसी पर अकसर भारत और चीन के सैनिकों कई बार एलएसी पर पैट्रोलिंग के दौरान आमने-सामने आ जाते हैं। इससे कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हुई है। भारतीय सीमा में भी चीन अब चरवाहों को रोकने लगा है।

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

लद्दाख में एलएसी पर अकसर भारत और चीन के सैनिकों कई बार एलएसी पर पैट्रोलिंग के दौरान आमने-सामने आ जाते हैं। अब एएलएसी से चीनी सैनिकों द्वारा लद्दाख में एलएसी पर भारत के चरवाहों को अपने मवेशियों को चराने से रोकने की घटना सामने आई है। एलएसी पर अपनी भेड़ें चरा रहे लद्दाख के चरवाहों को चीनी पीएलए द्वारा रोका गया है। यह घटना पूर्वी लद्दाख के न्योमा में हुई। न्योमा चुशूल से 87 किमी दक्षिण में और चुमथांग से 40 किमी दूर है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। चुशूल के काउंसलर ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पीएलए द्वारा भारतीय चरवाहों को रोके जाने की घटना 2 जनवरी की है और अब इसे सुलझा लिया गया है।

### खास बातें

- एलएसी पर अकसर चीन करता है घुसपैठ की कोशिश
- घटना पूर्वी लद्दाख के न्योमा में की है
- न्योमा चुशूल से 87 किमी दक्षिण में है



न्योमा इलाके में अपने पॉइंट पर थे भारतीय सैनिक

चुशूल के काउंसलर ने इस घटना की पुष्टि की

### चरवाहों ने चीनी पीएलए के सामने दिखाई बहादुरी

*घटना के बारे में चुशूल के काउंसलर कोंचोक स्टैनज़िन सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहते हैं कि देखिए हमारे स्थानीय लोग पीएलए के सामने कैसे बहादुरी दिखा रहे हैंङ्क यह क्षेत्र हमारे खानाबदोशों की चरागाह भूमि है। पीएलए हमारे खानाबदोशों को हमारे क्षेत्र में चरने से रोक रही है। ऐसा लगता है कि विभिन्न धारणाओं के कारण यह कभी न ख़त्म होने वाली प्रक्रिया है। लेकिन मैं हमारे खानाबदोशों को सलाम करता हूं, जो हमेशा हमारी भूमि की रक्षा के लिए खड़े रहते हैं और राष्ट्र की दूसरी गार्जियन फोर्स के रूप में खड़े होते है।*

### दावा: चीनी सैनिक 1 किमी भारतीय सीमा में घुसे

स्टैनज़िंग ने दावा किया कि घटना के समय समय चीन के सैनिक भारतीय क्षेत्र में लगभग एक किलोमीटर अंदर आ गए थे। आपको बता दें कि साल 2020 में, लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस घटा में भारत के 20 सैनिक शहीद हुए थे जबकि चीनी पीएलए के 40 सैनिक मारे गए थे।

### वायरल हो रहा घटना का वीडियो

*वायरल हो रही घटना की वीडियो में दिखाई दे रहा है कि लद्दाख के चरवाहे चीनी सैनिकों का सामना कर रहे हैं। वीडियो में चीनी सैनिकों के पास एक वाहन भी देखा जा सकता है। इलाके में भारत का कोई भी सैनिक दिखाई नहीं दे रहा है, क्योंकि वे अपने प्वाइंट पर तैनात थे। वीडियो में लद्दाखी चरवाहों को चीनी सैनिकों का सामना करते हुए दिखाया गया है, जिनके साथ एक वाहन भी है। पीएलए सैनिकों को चरवाहों को इलाका छोड़ने के लिए कहते देखा जा सकता है। वीडियो में कोई भी भारतीय सैनिक नजर नहीं आ रहा है।*

## मलेशिया के नए राजा के पास बेशुमार संपत्ति, प्राइवेट आर्मी से लेकर 300 से ज्यादा लग्जरी गाड़ियों के हैं मालिक

**मलेशिया** को आधिकारिक रूप से अपना नया राजा मिल गया है। मलेशिया के नए राजा का नाम सुल्तान इब्राहिम इब्नी अलमरहम सुल्तान इस्कंदर है जो जोहोर के सुल्तान हैं। हालांकि यह फैसला तो पिछले साल ही हो गया था, पर आज आधिकारिक रूप से सुल्तान इब्राहिम इब्नी अलमरहम सुल्तान इस्कंदर की ताजपोषी भी हो गई है और राजा के तौर पर उन्होंने शपथ भी ले ली है। 65 वर्षीय सुल्तान इब्राहिम अब सिर्फ मलेशिया की राजगद्दी के मालिक नहीं हैं, बल्कि बेशुमार संपत्ति के भी मालिक हैं। ब्लूमबर्ग के अनुसार सुल्तान इब्राहिम की संपत्ति 5.7 बिलियन डॉलर्स की बताई गई है, पर वास्तविकता में यह इससे कई ज्यादा है। सुल्तान इब्राहिम के पास रियल एस्टेट, खनन, दूरसंचार और पाम तेल जैसे कई बिजनेस हैं। उनका आधिकारिक निवास भव्य इस्ताना बुकिट सेरेन उनके परिवार की संपत्ति का प्रमाण है। सुल्तान इब्राहिम के पास 300 से ज्यादा लग्जरी गाड़ियाँ हैं, जिनमें एक कार एडॉल्फ हिटलर द्वारा सुल्तान इब्राहिम के परिवार को गिफ्ट में मिली थी। गिफ्ट में दी गई थी। सुल्तान इब्राहिम के पास प्राइवेट जेट्स भी हैं। इतना ही नहीं, उनके परिवार के पास एक प्राइवेट आर्मी तक है। सुल्तान इब्राहिम के पास मलेशिया की मुख्य सेल्युलर सर्विस यू मोबाइल में 24% हिस्सेदारी भी है। इसके साथ ही प्राइवेट और पब्लिक कंपनियों में सुल्तान इब्राहिम का कुल 588 मिलियन डॉलर्स का एक्स्ट्रा इंवेस्टमेंट भी है। सुल्तान इब्राहिम का इंवेस्टमेंट पोर्टफोलियो 1.1 बिलियन डॉलर्स का है। सुल्तान इब्राहिम के पास सिंगापुर में 4 बिलियन डॉलर्स की जमीन भी है, जिसमें बोटैनिकल गार्डन से लगा एक बड़ा टायर्सल पार्क भी है।




## डिप्टी सीएम ने सास्वत यादव और सुयश यादव को किया सम्मानित

### सम्मान मिलने पर क्षेत्र में खुशी की लहर



**मुंबई हलचल/ हाफिज नियामत**

**मछलीशहर, जौनपुर।** मुंबई में आयोजित सेमिनार में अल्मुनियम उत्पादन के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाली कंपनी आर वाय के निदेशक इंजिनियर सास्वत यादव एवं सुयश यादव को मुंबई प्रदेश के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सम्मानित किया। इस कंपनी का अटल सेतु के निर्माण में विशिष्ट योगदान रहा है। यह कंपनी अंबरनाथ (ठाने) मे अपनी विशिष्टता और गुणवत्ता हेतु पहचानी जाती है। आपको बता दे कि क्षेत्र के जमालपुर निवासी व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रहे स्व.गंगादीन यादव के सुपुत्र सास्वत यादव एवं उद्योजक व भवन निर्माता राजेश यादव के सुपुत्र सुयश यादव सम्मानित होने पर सांसद सीमा द्विवेदी, उत्तर प्रदेश सरकार मे मंत्री गिरीश यादव, विधायक रमेश सिंह, पूर्वमंत्री जगदीश सोनकर, पूर्व विधायक सुषमा पटेल, मछलीशहर क्षेत्र पंचायत के प्रमुख गोपेश यादव,अनिल नरेंद्र उपाध्याय, भाजपा नेता पूर्व पार्षद जालिंदर पाटिल, दिनेश दुबे,श्रीधर मिश्रा,भरत तिवारी,आई पी मिश्रा, शेषमणि यादव, बालकृष्ण मिश्र,समेत सैकड़ो लोगो ने शुभकामनाए दी है।

उत्तराखंड हलचल

# मुख्य सचिव एसएस संधू का कार्यकाल पूर्ण, राधा रतूड़ी बनी उत्तराखंड की नई मुख्य सचिव

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

मुख्य सचिव के रूप में अपना कार्यकाल पूर्ण होने के बाद डॉ एसएस सन्धु ने मुख्यमंत्री आवास देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एसएस सन्धु को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए राज्य सरकार के कामकाज में उनके ओर से मिले सहयोग के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें कुशल प्रशासक बताते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में उत्तराखंड ने विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल किया है।




वही नवनियुक्त मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने बुधवार को सचिवालय स्थित मुख्य सचिव कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने मुख्य सचिव श्रीमती रतूड़ी को पदभार सौंपा। इस अवसर पर नवनियुक्त मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का कहना है कि यह दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी भी प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप उत्तराखण्ड को आगे ले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री जी के मूल मंत्र सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि की दिशा में एक टीम के रूप में कार्य करते हुए देश का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के लिए कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में लगातार कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, सचिव श्री शैलेश बगोली, श्री अरविंद सिंह ह्यांकी, श्रीमती राधिका झा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# उत्तराखंड सरकार रखेगी बुजुर्गों का ख्याल

## घर बैठे मिलेगा इलाज, लागू होने जा रही ये योजना

**देहरादून।** प्रदेश में बुजुर्गों को जल्द ही अब घर बैठे इलाज मिल सकेगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग योजना तैयार कर रहा है। योजना के तहत विभाग बुजुर्गों का नियमित हालचाल लेगा। वहीं, चिकित्सीय परामर्श, पैथोलाजी जांच, दवा आदि की सुविधा उन्हें घर पर ही प्रदान की जाएगी। दरअसल, उम्र बढ़ने के साथ-साथ अप्रत्याशित रूप से स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ने लगती हैं। यही नहीं वृद्ध लोगों के शरीर में बीमारियों से लड़ने की क्षमता कम होती है। ऐसे में मौसम के बदलाव व तमाम तरह के संक्रमण की चपेट में भी वह आसानी से आ जाते हैं। इन सबको देखते हुए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। बुजुर्गों को अत्यधिक देखभाल की आवश्यकता होती है। पर बुजुर्गों के लिए बार-बार अस्पताल जा पाना बहुत ही चुनौतीपूर्ण है। खासकर दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्र में, जहां स्वास्थ्य इकाइयों तक पहुंच उतनी सुगम नहीं है। ऐसे में राज्य सरकार ने इनकी देखभाल का बीड़ा उठाया है। बुजुर्गों को अब घर बैठे ही उपचार मिलेगा। जिसके लिए राज्य सरकार विशेष स्वास्थ्य योजना लेकर आ रही है। इस योजना के



तहत स्वास्थ्य विभाग 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को हर 15 दिन में फोन करेगा और उन्हें घर बैठे स्वास्थ्य जांच की सुविधा देगा। जल्द ही यह योजना शुरू कर दी जाएगी। इस योजना के तहत स्वास्थ्य कर्मियों की टीम बनाई जाएगी। जिसमें आशाएं, सीएचओ आदि शामिल होंगे। ये टीम फोन पर जानकारी मिलने के बाद वृद्ध के घर जाकर जांच करेगी। जरूरत होने पर अस्पताल भी पहुंचाया जाएगा। प्रदेश में 60 वर्ष से अधिक आयु के तकरीबन 8.70 लाख आयुष्मान कार्ड बने हैं। वहीं, इस आयु वर्ग के 2.91 लोग अब तक आयुष्मान योजना के तहत उपचार ले चुके हैं। इनकी स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी भी विभाग के पास है। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के पास उपलब्ध इस डेटा के माध्यम से विभाग बुजुर्गों तक अपनी पहुंच बनाएगा। प्रदेश में बुजुर्गों को घर बैठे इलाज की सुविधा देने की योजना आकार ले रही है। जिसमें उन्हें चिकित्सीय परामर्श, जांच आदि की सुविधा मिलेगी। वृद्धजन की नियमित दवाएं भी हैं। यह प्रयास है कि उन्हें घर पर ही दवा उपलब्ध करा दी जाए। डा. धन सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री

### लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

आयुष्मान योजना के क्लेम से संबंधित फाइलों को तैयार करने में बरती जा रही लापरवाही पर दून मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. आशुतोष सयाना ने नाराजगी जताई है। बुधवार को दून अस्पताल सभागार में आयोजित आयुष्मान योजना की समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि फाइलों पर हस्ताक्षर नहीं होने के अलावा मोहर, ओटी नोट्स आदि के कारण जिस विभाग के क्लेम राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के स्तर से खारिज किए जा रहे हैं, उन विभागों व संबंधित चिकित्सकों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि बंद कर दी जाए।

# लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन बने आईएमए के नए कमांडेंट

**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए ) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल वीके मिश्रा बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए हैं। 38 साल से अधिक की सैन्य सेवा में वह सेना में कई महत्वपूर्ण पदों पर तैनात रहे। उनके स्थान पर लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन आईएमए के नए कमांडेंट बने हैं। लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन अकादमी के 52वें कमांडेंट हैं। निवर्तमान कमांडेंट ले. जनरल मिश्रा ने कमांड बैटन ले. जनरल जैन को सौंपी। इससे पहले ले. जनरल मिश्रा ने आईएमए युद्ध



स्मारक पर बलिदानी सैन्य अधिकारियों को श्रद्धांजलि दी। वह आईएमए से सैन्य प्रशिक्षण पूरा कर दिसंबर 1985 में जम्मू-कश्मीर राइफल्स की 17वीं बटालियन में कमीशन हुए थे। बतौर आईएमए कमांडेंट भी ले. जनरल मिश्रा ने अकादमी के प्रशिक्षण व संरचनात्मक ढांचे में काफी बदलाव किया। उन्होंने युद्ध में इस्तेमाल होने वाले प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में प्रशिक्षण के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भी कई नए कदम उठाए।

# भारतीय किसान यूनियन ने की प्रेस वार्ता




**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

आज भारतीय किसान यूनियन द्वारा एक प्रेस वार्ता कि गई। इस प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि किसानों का बहुत टाइम से करोड़ों रुपए सब्जी मंडी के आढ़तियो पर बकाया है। जो कि वह नहीं दे रहे हैं। वहीं भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन ने फैसला लिया है सब्जी मंडी आढ़ती अगर 5 तारीख तक पैसा नहीं देते तो प्रदेश के सभी किसान मिलकर 6 फरवरी से सब्जी मंडी देहरादून गेट पर तालाबंदी कर देंगे। जिसका जिम्मेदार शासन प्रशासन होगा। इसमें सभी मंडी सचिव भी सम्मिलित होंगे उनकी टालमटोली के द्वारा ही पैसा आढ़ती नहीं दे रहे हैं। अगर उनकी मांगे पुरी नही होती तू वहा इन सबके खिलाफ धरना प्रदर्शन एवं तालीबंदी करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

# धार्मिक स्थलों के विकास का है लक्ष्य, केंद्र पर नजर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड में चारधाम के विकास के साथ ही धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों एवं मंदिर स्थलों का विकास प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में सम्मिलित है ही, केंद्र सरकार भी इन स्थलों के विकास को प्रोत्साहित कर रही है। गढ़वाल के साथ ही कुमाऊं मंडल में भी ऐसे स्थान चिह्नित किए गए हैं। देश व विदेश से प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालुओं की आमद देखते हुए हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर को विकसित करने का निर्णय लिया गया है। आस्था से जुड़े इन स्थलों के विकास के लिए केंद्रीय बजट में प्रदेश के लिए



अतिरिक्त सहायता की उम्मीद की जा रही है। केंद्र की मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाएं उत्तराखंड में अवस्थापना विकास की नई इबारत लिख रही है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेललाइन, चारधाम ऑल वेदर रोड, भारतमाला परियोजनाएं आर्थिक, सामाजिक विकास के साथ ही सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनमें अब तक काफी काम हो चुका है। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे योजना के पूरा होने की प्रतीक्षा की जा रही है। ये योजनाएं निर्धारित अवधि में पूरी हों, इसके लिए केंद्र के नए बजट में वित्तीय प्रावधान की उम्मीद उत्तराखंड को है। इसके अतिरिक्त केंद्र और राज्य की ढांचागत विकास की अन्य परियोजनाओं के लिए भी नए बजट में धनवर्षा संभव है। डबल इंजन के दम के कारण ही प्रदेश को कई बड़ी परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार ने धन दिया है। सीमांत क्षेत्रों में नई सड़कों के विस्तार, टनल और रोपवे की योजनाओं के लिए केंद्र ने वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र सरकार का नया बजट आने से पहले नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण समेत कई केंद्रीय नेताओं से भेंट की थी। उन्होंने प्रदेश में चार धाम के अतिरिक्त धार्मिक पर्यटन स्थलों के विकास को राज्य की आर्थिक और रोजगार की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए केंद्र से सहायता देने का अनुरोध भी किया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# आंखों से निकलते पानी की समस्या से राहत दिलाएंगे ये नुस्खे

आंखे शरीर का सबसे जरूरी, सुंदर और नाजुक अंग है। सर्दी के मौसम में नमी और ठंडक के कारण आंखों में पानी आ जाता है लेकिन यह ड्राई आई सिंड्रोम का संकेत भी हो सकता है। इस बीमारी में आंखों से बहुत ज्यादा पानी आना, धुंधला दिखाई देना और चुभन महसूस होना, सूजन, रैशेज, लालपन जैसे लक्षण दिखाई देते है। इस बीमारी का समय पर इलाज न करने पर आंखों की रोशनी जा भी सकती है। ऐसे में इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप डॉक्टर की दवाइ के साथ-साथ कुछ घरेलू उपाय भी कर सकते हैं। इन घरेलू नुस्खों की मदद से आप बिना किसी नुकसान के इस परेशानी से छुटकारा पा सकते

**हर्बल टी**
कोमोमाइल या पेपरमिंट चाय की पत्तियों को थोड़ी देर गर्म पानी में भिगो दें। इसके बाद थोड़ी-थोड़ी देर में आंखों की सिकाई करें। ध्यान रहें कि पानी ज्यादा गर्म न हो।

**2. नमक**
कई बार आंखो में जलन और खुजली के कारण पानी आने लगता है। ऐसे में आप 1 गिलास गर्म पानी में चुटकीभर नमक डालकर आंखों की सिकांई करें। दिन में 3 बार इसका इस्तेमाल खुजली और जलन की परेशानी को दूर कर देगा।

**3. नारियल का तेल**
नारियल तेल में मौजूद गुण आखों की गंदगी को साफ करते हैं।



रोजाना आंखों के नीचे और आस-पास नारियल के तेल की मालिश करें। आपको इस समस्या से निजात मिल जाएगा।

**4. गीला कपड़ा**
आंखों को हाथों से इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। आंखों में जलन, दर्द या खुजली होने पर साफ पानी में कपड़े को भिगोकर आंखों की सफाई करें। इससे किसी भी तरह की बीमारी का खतरा कम हो जाता है।

**5. बेकिंग सोडा**
साफ पानी में 1 चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर गर्म करें। पानी थोड़ा रह जाने पर इससे अपनी आंखों को धो लें। इससे आपको आराम मिल जाएगा।

**6. ठंडा दूध**
कॉटन बॉल को ठंडे दूध में डिप करके अपनी आंखों के आस-पास रगड़ें। इसके अलावा आप कॉटन बॉल को ठंडे दूध में भिगोकर रख भी सकते है। इन उपायों को सुबह-शाम करने से आपको आराम मिल जाएगा।

**7. एलोवेरा**
एलोवेरा जेल में 1 चम्मच शहद और 1/2 कप एल्डरबैरी चाय मिलाएं। रोजाना दिन में 2 बार इस मिश्रण से अपनी आंखों को धोएं। आपकी परेशानी कुछ समय में ही दूर हो जाएगी।

**8. कच्चा आलू**
एस्ट्रिंजेंट के गुणों से भरपूर कच्चा आलू आंखों में पानी आने की समस्या से जल्दी राहत देता है। आलू की पतली स्लाइस काट कर कुछ देर फ्रिज में रखें। इसके बाद इस ठँडी स्लाइस को 15 से 20 मिनट के लिए आंखों के उपर रख लें। 2-3 दिन तक इसका इस्तेमाल आपकी इस समस्या को दूर कर देगा।

# सिर्फ 20 मिनट करें ये फेशियल एक्सरसाइज, झुर्रियां हो जाएगी गायब

बढ़ती उम्र के साथ चेहरे पर झुर्रियां और दाग-धब्बे पड़ने लगते है। बढ़ती उम्र के साथ-साथ चेहरे की जॉ लाइन भी फिकी पड़ जाती है लेकिन आजकल यह परेशानियां लोगों को कम उम्र में ही होने लगती है। शरीर में प्रोटीन और पोषक तत्वों की कमी का असर लोगों के चेहरे पर दिखाई देने लगता है। इससे छुटकारा पाने के लोग कई मंहगी क्रीमों और ब्यूटी ट्रीटमेंट का इस्तेमाल करते है लेकिन किसी से कोई फर्क नहीं मंहगी क्रीमों के अलावा व्यायाम द्वारा भी हटाया जा सकता है। आज हम आपको ऐसी एक एक्सरसाइज बताने जा रहें है जिसे सिर्फ 30 मिनट करने से ही आपकी ये सभी प्रॉब्लम दूर हो जाएगी। तो आइए जानते है किस तरह सिर्फ व्यायाम की मदद से चेहरे की परेशानियों को दूर किया जा सकता है।



**चेहरे पर झुर्रियां पड़ने के कारण**
धूम्रपान करने से
बढ़ती के कारण.
फ्री रेडीकल्स
अचानक वजन घटने पर
पोषक तत्वों की कमी
सूर्य रोशनी के अत्यधिक संपर्क में रहना

**हैप्पी चिक एक्सरसाइज**
चेहरे में मौजूद कोलाजेन कम होने पर त्वचा में झुर्रियां, दाग-धब्बे और जॉ लाइन फिकी होने जैसी समस्याएं दिखाई देने लगती हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए आप सिर्फ 20 मिनट यह हैप्पी चिक एक्सरसाइज करें। इसे करने के लिए आप अपने हाथों की उंगलियों को चेहरे पर रखें। इसके बाद बीच की उंगली से आईब्रो के बीच दवाब डालें और ऊपर की तरफ देखें। मुंह को ड के आकार में बनाए ताकि इससे दांत कवर हो जाएं। लगातार 20 सैकेंड तक यह एक्सरसाइज करें। इससे त्वचा की परेशानियां ही नहीं, फेस का एक्स्ट्रा फैट भी कम हो जाएगा।

# मेकअप के जरिए चौड़ी नाक को दें परफैक्ट शेप



आजकल हर लड़की अपनी फिटनेस और खूबसूरती को लेकर चौकन्ना रहती हैं। अपने चेहरे की कमियों को छिपाने के लिए वह मेकअप या कुछ ट्रीटमेंट का सहारा लेती हैं। मेकअप एक ऐसा जरिया है, जिससे चेहरे की पूरी लुक बदली जा सकती है। कुछ लड़कियों की नाक कुदरती परफैक्ट होती है और कुछ लड़कियों की सबसे बड़ी परेशानी उनकी मोटी और चौड़ी नाक होती है। अगर आपकी नाक भी ऐसी है तो आज हम आपको कुछ मेकअप टिप्स बताएंगे जो आपकी चौड़ी, मोटी नाक को परफैक्ट दिखाने में बड़े काम आएगे। इसके लिए आपको पार्लर भी नहीं जाना पडेगा बल्कि घर बैठे आसान तरीके से अपनी नाक को परफैक्ट शेप दे सकती है।

**☞ छोटी नाक को दिखाएं लंबा**
अगर आपकी नाक छोटी है और उसे लंबा दिखाना चाहती है तो नाक के नीचे व जहां वह खत्म होती है, वहां की स्किन को हाइलाइट करें।

**☞ पतली नाक को दिखाएं चौड़ा**
अगर आपकी नाक ज्यादा ही पतली है तो उसे चौड़ा दिखाने के लिए नाक की दोनों साइड्स पर हाइलाइटर का इस्तेमाल करें और उसे अच्छे से फाउंडेशन से मिला लें।

**☞ चौड़ी नाक को बनाएं सुडौल**
चौड़ी नाक को सुडौल बनाने के लिए नाक के किनारों पर चटख रंग का ब्लशर या फाउंडेशन लगाएं। नाक के दोनों ओर कॉर्नर पर डार्क फाउंडेशन व सेंट्रल एरिया पर लाइट फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। फिर नाक की दोनों साइड पर हल्के रंग का कंसीलर लगाएं।

# दांतों का पीलापन दूर करने के लिए अपनाएं ये उपाय

किसी की खूबसूरत हंसी शांति भरे माहौल में भी खुशियां भर देती हैं। दांत अगर सफेद और चमकदार हो तो आपकी स्माइल भी हर किसी का मन मोह लेती है लेकिन कई बार कुछ कारणों के कारण दांत पीले हो जाते हैं। कई बार तो उम्र से पहले की दांतों में दर्द, मसूढों में सूजन, दांतों में कीड़ें या फिर और भी बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह जरूरी नहीं है कि जो लोग दांतों की साफ-सफाई की तरफ ध्यान नहीं देते सिर्फ उन लोगों के दांत ही खराब होते हैं कई बार ज्यादा मीठा खाने, कोल्ड ड्रिंक का जरूरत से ज्यादा सेवन करने आदि से भी ये दिक्कतें आनी शुरू हो जाती हैं। आप भी दांतों की समस्याओं से परेशान रहते हैं तो कुछ घरेलू तरीके अपना कर इससे राहत पा सकते हैं।

**1. बेकिंग सोडा**
बेकिंग सोडे का इस्तेमाल किचन के साथ-साथ ब्यूटी के लिए भी किया जाता है लेकिन आप शायद यह नहीं जानते होंगे कि दांतों का पीलापन दूर करने के लिए भी यह बहुत कारगर है। दांतों में दर्द और पीलेपन को दूर करने के लिए 1 टेबलस्पून बेकिंग सोडा में एक चुटकी नमक मिला लें। रोजाना दिन में 2 बार ब्रश पर इस पाउडर को हल्का सा लगा कर दांत साफ करें।

**2. एलोवीरा और ग्लिसरीन**
एलोवीरा सेहत, ब्यूटी और दांतों की परेशानियों को दूर करने का सबसे बढ़िया नैचुरल उपाय है। ग्लिसरीन भी दांतों के लिए बहुत लाभकारी है।

**इस तरह बनाएं नैचुरल टूथपेस्ट**
1 कप पानी
1/2 बेकिंग सोड़ा
1 टेबलस्पून एलोवीरा
1 टीस्पून ग्लिसरीन
2-3 बूंद नींबू का तेल
इन सब चीजों को मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। इससे रोजाना दांत साफ करें। इस नेचुरल पेस्ट से दांत सफेद, पीलापन दूर और मसूढ़ों में दर्द से छुटकारा मिल जाएगा।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर





# असिन के बेडरूम में लगे थे सलमान खान के फोटो

**बॉलीवुड** में असिन ने अपनी शुरूआत आमिर खान के साथ की थी। फिल्म गजनी के जरिये उन्होंने हिंदी फिल्मों में कदम रखा था। गजनी बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। असिन की हिंदी फिल्मों में मांग बढ़ गई थी, लेकिन उन्होंने हमेशा दक्षिण भारतीय भाषाओं में बनने वाली फिल्मों को ही प्राथमिकता दी इसलिए वे हिंदी फिल्मों में कम नजर आईं। भले ही असिन ने आमिर के साथ पहली हिंदी फिल्म की हो, लेकिन वे आमिर के बजाय सलमान खान की फैन हैं। यहां तक कि उनके बेडरूम में सलमान के पोस्टर लगे हुए थे। जब असिन को सलमान के साथ 'लंदन ड्रीम्स' फिल्म ऑफर हुई तो उन्हें यकीन ही नहीं हुआ कि वे अपने फेवरेट स्टार के साथ फिल्म करने जा रही हैं। उन्होंने तुरंत हां कह दिया। इस फिल्म में अजय देवगन भी थे। 'लंदन ड्रीम्स' की ज्यादातर शूटिंग आउटडोर हुई थी, जिससे कलाकारों को साथ में गुजारने के लिए ज्यादा समय मिल जाता है। इस कारण असिन की सलमान से अच्छी दोस्ती हो गई थी और सलमान भी असीन का पूरा खयाल रखते थे। अजय भी दोनों के अच्छे दोस्त बन गए थे और तीनों ने इस फिल्म की शूटिंग के दौरान खूब धमाल मचाया था। असिन और सलमान की इस दोस्ती को देखते हुए तब यह बात भी उड़ गई थी कि सलमान ने असिन को मुंबई में एक घर बतौर गिफ्ट दिया है। हालांकि इस बात में कोई सच्चाई नहीं थी। कुछ ने कहा कि कैटरीना को जलाने के लिए सलमान ने ऐसा किया था।



# करोड़ों की कमाई करते हैं आफताब

बॉलीवुड में आना हर अभिनय प्रेमी का बहुत बड़ा सपना होता है। कोई इस इंडस्ट्री में आसानी से आ जाता है। तो वहीं, कुछ लोगों के लिए यह राहें आसान नहीं होती है। बॉलीवुड के इस ग्लैमर वर्ल्ड में किसके सितारे कब चमक जाएं, यह कह पाना काफी मुश्किल है। उसी तरह यहां आने के बाद चमकता सितारा कब डूब जाए ये भी कोई नहीं जानता है। आज के इस लेख में हम आपको एक ऐसे ही अभिनेता के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने के लिए कदम तो रखा, लेकिन वह सफलता के शिखर छूने में असफल रहें। हालांकि, अभिनेता की नेट वर्थ आपके होश उड़ा देगी। हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड एक्टर आफताब शिवदासानी की। आज अभिनेता अपना जन्मदिन मना रहे हैं। आफताब का जन्म 25 जून 1978 को मुंबई में हुआ था। आफताब ने बचपन से ही फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था, लेकिन आज तक अभिनेता वह मुकाम हासिल नहीं कर पाए, जिसके वह हकदार थे। तो चलिए जानते हैं आफताब की जिंदगी से जुड़े कुछ दिलचस्प किस्से। आफताब ने बतौर लीड अभिनेता बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत फिल्म 'मस्त' से की थी। अभिनेता आज भी बॉलीवुड में काफी एक्टिव हैं। हालांकि, अब उन्हें बड़ी फिल्में नहीं मिल रही है। आफताब ने बचपन से ही फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। अभिनेता ने नौ साल की उम्र में अनिल कपूर की सुपरहिट फिल्म 'मिस्टर इंडिया' में काम किया था। इसके अलावा उन्होंने 'शहंशाह' में अमिताभ बच्चन के बचपन का किरदार निभाया था। अभिनेता के नेटवर्थ की बात करें तो आफताब की किस्मत भले ही फिल्मों में न चली हो, लेकिन अभिनेता कमाई में कई बॉलीवुड स्टार्स को टक्कर देते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक उनकी कुल 51 करोड़ रुपये की संपत्ति है और मुंबई में अपना एक अपार्टमेंट भी है। इसके साथ ही आफताब को लग्जरी गाड़ियों का भी शौक है। उनके कार कलेक्शन में ऑडी आरएस 5 (1.09 करोड़ रुपये) और बीएमडब्ल्यू एक्स 6 (1.22 करोड़ रुपये) जैसी कार मौजूद है।



# पूजा हेगड़े का खुलासा

**रितिक रोशन** की फिल्म 'मोहनजोदाड़ो' से धमाकेदार शुरूआत करने वाली अभिनेत्री पूजा हेगड़े अक्सर चर्चा में रहती हैं। वह जल्द ही साउथ सुपरस्टार प्रभास के साथ फिल्म 'राधेश्याम' में नजर आने वाली हैं। हाल ही में पूजा हेगड़े ने अपने परिवार और अपने अभिनय को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। पूजा हेगड़े का कहना है कि मेरा परिवार मेरे अभिनय को लेकर बड़ा अजीब व्यवहार करता है। अभिनेत्री अपने अभिनय का वीडियो अगर परिवार के व्हाट्सएप ग्रुप पर डालतीं तो कई बार उनको बोला जाता है कि ये सही नहीं है। हालांकि वो सिर्फ वही वीडियोज ग्रुप पर डालती हूं जो कि उनको परफेक्ट लगते हैं। पूजा कहती हैं कि कई बार तो मेरे शूटिंग के वीडियो साझा करने के बाद किसी का कोई रिएक्शन नहीं आता है और पूरी तरह अनदेखा कर दिया जाता है। पूजा हेगड़े का ये बयान काफी तेजी से चर्चा में चल रहा है और उनके फैंस इसपर कमेंट कर रहे हैं। उनका मानना है कि अभिनेत्री मजाक कर रहीं हैं।